कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जोशीमठ (चमोली)।
(शिक्षण सत्रः 2024–2025)

प्रवेश विषयक सूचना

दिनांकः 29 जून, 2024

स्नातक (बी.ए0/बी.एससी.) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024–2025 के प्रवेश आवेदन ऑन लाईन पद्धति के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल https://ukadmission.samarth.ac.in पर दिनांकः 25 जून, 2024 से दिनांकः 09 जुलाई, 2024 तक आवेदन हेतु पंजीकरण की तिथि विस्तारित की गयी है इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश आवेदन हेतु पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न अभ्यर्थियों के ऑन लाईन प्रवेश आवेदनों के आधार पर प्राप्त अनन्तिम योग्यता सूची के अनुसार महाविद्यालय में प्रथम वरीयता सूची में प्रवेश उपरान्त विषयवार रिक्त सीटो के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

1. ऑन लाईन माध्यम से आवेदन किए हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के समय ऑन लाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्रों एवं अंकतालिकाओं तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों यथा–अधिभार/आरक्षण विषयक प्रमाण पत्रों आदि में से प्रत्येक की स्पष्ट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ स्वयं प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
2. अभ्यर्थी तथा उसके अभिभावक द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के समय विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.sdsuv.ac.in में प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत उपलब्ध प्रारूप (क) तथा प्रारूप (ख) में उल्लेखित निर्धारित शपथ–पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे तथा शपथ–पत्र में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर महाविद्यालय में गठित प्रवेश समिति के संयोजक/सदस्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करना अनिवार्य होगा।
3. समर्थ पोर्टल पर उक्त तिथि तक प्रवेश हेतु पंजीकृत छात्रों का महाविद्यालय में दिनांकः 12 जुलाई, 2024 से 15 जुलाई, 2024 तक मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा, प्राप्त आवेदन–पत्रों सूची के अनुसार काउन्सिलिंग महाविद्यालय में अन्तिम तिथिः 11 जुलाई, 2024 के उपरान्त की जायेगी। प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों के वरीयता सूची (Merit List) प्रवेश समिति के संयोजक द्वारा सूचनापट (Notice Board) पर दिनांकः 11 जुलाई, 2024 को सार्वजनिक की जायेगी। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग प्रवेश समिति द्वारा दिनांकः 12 जुलाई, 2024 से दिनांकः 15 जुलाई, 2024 तक की जायेगी। जिसमें उन्हें समस्त मूल प्रमाणपत्रों सहित अनिवार्यतः उपस्थित रहना होगा। जिसके अनुसार द्वितीय वरीयता सूची के अभ्यर्थियों की शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांकः 20 जुलाई 2024 तक प्रवेशार्थियों को शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा।

आवेदन हेतु अभ्यर्थी को स्थानान्तरण प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट अंकतालिका, जाति प्रमाणपत्र, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, आर्थिक रूप से कमजोर होने का प्रमाणपत्र (यदि हों तो), शिक्षणेत्तर क्रिया कलापों (एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, खेलकूद) आदि से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

वैधानिक नियन्त्रण– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त प्रवेश नियमों में आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तन करने का अधिकार श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा तथा परिवर्तन सभी पक्षों को मान्य होगा।

प्राचार्य,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जोशीमठ (चमोली)।

पृ0सं0: 156-160 /प्रवेश/2024–25. तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से उक्त सूचना को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. खण्ड शिक्षा अधिकारी, जोशीमठ (चमोली) को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से इण्टरमीडिएट कॉलेजों में उक्त सूचना को प्रसारित करने का कष्ट करें।
4. डॉ0 मुकेश चन्द, नोडल अधिकारी वेबसाइट को इस आशय से कि उक्त सूचना को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सूचना पट्ट।

प्राचार्य,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जोशीमठ (चमोली)।